कक्षा 7

पाठ 3 (शब्द विचार)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–

क. शब्द किसे कहते हैं? उसे कितने आधारों पर विभाजित किया जा सकता है?
उत्तर– शब्द दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं। शब्दों को निम्नलिखित चार आधार पर विभाजित किया जा सकता है।
1.उत्पत्ति या स्त्रोत के आधार पर
2. व्युत्पत्ति के आधार पर
3. अर्थ के आधार पर
4. प्रयोग के आधार पर

ख उत्पत्ति के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं ? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।
उत्तर– उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के चार भेद होते है।
1. तत्सम शब्द – हिंदी भाषा में संस्कृत के कुछ शब्द मूल रूप से ज्यों के त्यों प्रयोग किए जाते हैं उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं। जैसे–अग्नि ,गृह आदि।
2.तद्भव शब्द– जो तत्सम शब्द हिंदी भाषा में आकर कुछ परिवर्तित हो गए हैं उन्हें तद्भव शब्द कहते हैं। जैसे– घर आग आदि।
3.देशज शब्द– जो शब्द अपने देश की पुरानी बोली हो या भाषाओं से हिंदी में आ गए हैं उन्हें देशज शब्द कहते हैं। जैसे– लोटा कटोरा आदि।
4. विदेशज शब्द – जो शब्द विदेशी भाषाओं से हिन्दी में आ गए है, उन्हें विदेशज शब्द कहते है। जैसे– अमीर, कालीन आदि।

ग. अर्थ के आधार पर शब्द के कितने भेद होते हैं? सभी की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।
उत्तर – सामान्य रूप से अर्थ के आधार पर शब्दों के दो भेद होते हैं।
1. सार्थक शब्द –शब्दों का कोई अर्थ होता है उन्हें सार्थक शब्द कहते हैं जैसे चाय, भोजन आदि।
2. निरर्थक शब्द –के शब्दों का कोई अर्थ नहीं होता है किंतु दूसरे शब्दों के साथ जुड़कर उनका अर्थ अवश्य बन जाता है उन्हें निरर्थक शब्द कहती हैं ।जैसे –वाला भर आदि।

घ. व्युत्पत्ति के आधार पर शब्दों के कितने भाग किए गए हैं? किसी एक की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।
उत्तर – व्युत्पत्ति के आधार पर शब्दों के तीन भाग किए गए हैं।
रूढ़ शब्द – जो शब्द किसी विशेष अर्थ के लिए प्रसिद्ध हो गए हैं उन्हें रूढ़ शब्द कहते हैं। इनके सार्थक खंड नहीं किए जा सकते हैं जैसे – मेज, घोड़ा घर आदि।

2. उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

(क) शब्द सार्थक वर्णों के मेल को कहते हैं। (वाक्य / शब्द)
(ख) विलोम शब्द विपरीत अर्थ बताते हैं। (विपरीत / अनुकूल)
(ग) दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से यौगिक शब्द बनते हैं। (रूढ़ /यौगिक)
(घ) के आधार पर शब्द के चार भेद होते है। (दो / चार)
(ङ.) रूढ शब्दों के सार्थक खंड नहीं किए जा सकते। (रूढ़ / योगरूढ़)

3. निम्नलिखित शब्द तत्सम हैं या तद्भव, लिखो–

(क) नींद — तद्भव

(ख) फाल्गुन — तत्सम

(ग) निठुर — तद्भव

(घ) प्रस्तर — तत्सम

(ङ) अपना — तद्भव

(च) उलूक — तत्सम

(छ) आग — तद्भव

(ज) अश्रु — तद्भव

4. दिए गए प्रश्नों में सही विकल्प पर (✔) का चिह्न लगाओ–

(क) व्युत्पत्ति के आधार पर शब्दों के कितने भेद होते हैं?
(अ) दो (ब) तीन ✔ (स) चार

(ख) 'आकाश' शब्द का पर्यायवाची है–
(अ) व्योम ✔ (ब) अंक (स) अनादि

(ग) समान अर्थ वाले शब्दों को कहते हैं–
(अ) पर्यायवाची ✔ (ब) एकार्थी (स) विलोम

(घ) जो शब्द दो या दो से अधिक शब्दों के योग से बने होते हैं, उन्हें कहते हैं–
(अ) योगरूढ़ शब्द (ब) यौगिक शब्द ✔ (स) रूढ़ शब्द

(ङ) 'आग', 'आँसू', 'घर', 'भौंरा' आदि शब्द है–
(अ) तत्सम शब्द (ब) तद्भव शब्द ✔ (स) देशज शब्द